त्रैमासिक परीक्षा 2017-2018
हिन्दी साहित्य

कक्षा : V
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. **निम्नलिखित पंक्तियों को पूरा करें, एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें। (प्रश्न न उतरें)** [5]

न हाथ................................ ,

.... ,

.... ,

.... ,

.................................चलो ।।

(क) प्रस्तुत कविता का शीर्षक लिखकर कवि का नाम लिखें। [2]

(ख) अस्त्र एवं शस्त्र में क्या अंतर है ? [3]

2. **'घर के सामने एक बालक खेल रहा था। कई लड़के प्रजा बने थे और वह राजा।'**

(क) प्रस्तुत अंश किस पाठ से लिया गया है और इसके लेखक कौन हैं ? [2]

(ख) बालक कौन-सा खेल-खेल रहा था ? [2]

(ग) राजा बनने वाले बालक का नाम क्या था? वह किसकी सवारी कर रहा था ? [3]

(घ) बालक के अभिनय से कौन प्रभावित हो गया ? उन्होंने राजा से क्या माँगा ? [3]

3. **किसने, किससे और कब कहा ? (प्रश्न न उतारें)** [6x2=12]

(क) "राजन् आपका शुभ नाम क्या है ?"

(ख) "मैंने तुम्हारे अब्बा का नाम अखबार में पढ़ा है ?"

4. **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। (प्रश्न न उतारें)** [4x5=20]

(क) बालक ने सिंह को पिंजरे से बाहर कैसे निकाला ?

(ख) शबाना के अब्बा दूसरों से अलग कैसे थे ?

(ग) शबाना ने अपने पिता से पहला सबक क्या और कब सीखा ?

(घ) गाँधीजी ने क्या-क्या खाने को कहा और क्या नहीं ?

(ङ) ब्राह्मण ने बालक को राज कुल भेजने का आग्रह क्यों किया ? उसकी माता ने क्या उत्तर दिया ?

Downloaded From www.icseboard.org

5. खाली स्थानों में पाठ के आधार पर उचित शब्द भरें। (प्रश्न उतारें) **[1x10=10]**

(क) जब तक मैं __________ हूँ तब तक मेरी __________ अवश्य मानी जाएगी।

(ख) अब्बा को __________ खाने का बेहद है।

(ग) अब्बा तब तक कलम कागज पर नहीं रखते जब तक कि __________ सिर पर न आ जाए।

(घ) __________ का खर्च बहुत अधिक है। __________ बिल्कुल अनावश्यक है।

(ङ) उसकी __________ बड़े-बड़े __________ मूर्खों से भरी रहती थी।

(ङ) रवींद्रनाथ की __________ अवश्य बार-बार पढ़ने योग्य है।

6. एक या दो शब्दों में उत्तर दें। (प्रश्न न उतारें) **[1x10=10]**

(क) किसके अत्याचार से मगध काँप रहा था ?

(ख) राजा ने प्रसन्न होकर चंद्रगुप्त को कहाँ पढ़ने भेजा ?

(ग) शबाना की अम्मी किस ड्रामे की तैयारी कर रही थी ?

(घ) शबाना के अब्बा को किस प्रदेश का खाना अच्छा लगता था ?

(ङ) सुमंगल प्रकाश कौन थे ?

(च) किस महीने में बारिश बंद होती है ?

(छ) बापू पत्र का जवाब किस शहर से दे रहे हैं ?

(ज) बापू की पाती में कितने खतों का वर्णन है ?

(झ) बालक किसकी सहायता से राजा बना ?

(ञ) शबाना के पिता का नाम क्या है ?

7. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं चार से वाक्य बनाएँ – (शब्द उतारें) **[½x8=4+4=8]**

प्रशंसा, बेखबरी, कामयाबी, तजुरबा, सम्राट, पुरस्कार, राजकोप, नीर

Downloaded From www.icseboard.org